# समर प्रोग्राम इन मैनेजमेंट

## आईआईएमः समर प्रोग्राम में प्रबंधन कौशल की जानकारी

रांची | आईआईएम में सोमवार 26 मई को 6 दिवसीय आवासीय 'समर प्रोग्राम इन मैनेजमेंट' की शुरुआत हुई। स्नातक (अंडर ग्रेजुएट) के विद्यार्थी, जो प्रबंधन शिक्षा को अपना लक्ष्य मानते हैं, को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें शामिल होने के लिए देशभर से प्रतिभागी पहुंचे हैं। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा और प्रबंधन कौशल की प्रारंभिक स्तर की जानकारी से लेकर उद्योग, प्रशासन और निजी संस्थानों में प्रबंधन कौशल की उपयोगिता व प्रभावी दृष्टिकोण



को विकसित करने की जानकारी दी जाएगी। उद्घाटन सत्र के दौरान कार्यक्रम निदेशक प्रो. राजीव वर्मा, प्रो. कृष्ण कुमार डडसेना, प्रो. जगन कुमार सुर समेत अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहें। प्रो. कृष्ण कुमार डडसेना ने समर प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के कोर्स डिजाइन पर अपनी बातें रंखी। संचालन 26 से 31 मई तक होगा। प्रतिभागी के रूप में झारखंड समेत नई दिल्ली, लखनऊ, ओडिशा, उत्तराखंड, चेन्नई, बंगाल समेत अन्य राज्यों से विद्यार्थी पहुंचे हैं।

Dainik Bhaskar_27.05.2025_P. 4

# आईआईएम में शुरू हुआ समर मैनेजमेंट प्रोग्राम

**06** दिनी आवासीय कार्यक्रम यूजी के छात्र के लिए है

- झारखंड, दिल्ली समेत कई राज्यों से विद्यार्थी ले रहे भाग

रांची, विशेष संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में सोमवार को 6 दिवसीय आवासीय समर प्रोग्राम इन मैनेजमेंट, की शुरुआत हुई। यह खासतौर पर स्नातक के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें शामिल होने को देशभर से प्रतिभागी पहुंचे हैं।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा और प्रबंधन कौशल की प्रारंभिक स्तर की जानकारी से लेकर उद्योग, प्रशासन और निजी संस्थानों में प्रबंधन कौशल की उपयोगिता व प्रभावी दृष्टिकोण को विकसित करने की जानकारी दी जाएगी।

उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम निदेशक प्रो राजीव वर्मा, प्रो कृष्ण कुमार डडसेना, प्रो जगन कुमार सुर समेत अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

प्रो कृष्ण कुमार डडसेना ने कहा कि पेशेवर करियर में प्रबंधन शिक्षा खुद को स्थापित करने में मदद करती है। प्रबंधन शिक्षा व्यक्ति के शैक्षणिक योग्यता के साथ उसके बहुमुखी विकास, खासकर संस्थागत चुनौतियों और नवाचार के क्रम में सोचने, सकारात्मक समाधान और निष्कर्ष निकालने में सहयोग करती है।

Hindustan_27.05.2025_P. 8

# आइआइएम रांची में समर प्रोग्राम इन मैनेजमेंट शुरू

**रांची**. आइआइएम रांची में सोमवार को छह दिवसीय आवासीय समर प्रोग्राम इन मैनेजमेंट की शुरुआत हुई. इसे स्नातक के विद्यार्थी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. इसमें देशभर से प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं. सत्र के दौरान विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा और प्रबंधन कौशल की प्रारंभिक स्तर की जानकारी से लेकर उद्योग, प्रशासन और निजी संस्थानों में प्रबंधन कौशल की उपयोगिता व प्रभावी दृष्टिकोण को विकसित करने की जानकारी दी जायेगी. उदघाटन सत्र के दौरान कार्यक्रम निदेशक प्रो राजीव वर्मा, प्रो कृष्ण कुमार डडसेना, प्रो जगन कुमार सुर समेत अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे. प्रो कृष्ण कुमार डडसेना ने समर प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के कोर्स डिजाइन पर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल करियर में प्रबंधन शिक्षा (एमबीए) खुद को स्थापित करने में मदद करती है. प्रबंधन शिक्षा व्यक्ति के शैक्षणिक योग्यता के साथ उसके बहुमुखी विकास, संस्थागत चुनौतियों व नवाचार के क्रम में सोचने, सकारात्मक समाधान व निष्कर्ष निकालने में सहयोग करती है.

Prabhat Khabar_27.05.2025_P. 6